तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

पूर्व विधायक के बयान पर नवागढ़ में आक्रोश...
02
अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग, 31 को पुतला दहन...





खबर संक्षेप



नपं मारो में चुनावी तैयारियों का प्रेक्षक ने लिया जायजा

बेमेतरा/नारायणपुर। आगामी नगर पंचायत मारो के चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने निर्वाचन तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में चुनाव प्रेक्षक ने नगर पंचायत मारो का दौरा कर विभिन्न मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन संबंधी तैयारियों के साथ मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक ने सामान्य एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा के लिए सुनिश्चित न्यूनतम आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसमें पेयजल, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, रैंप, शौचालय, प्रतीक्षालय और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था शामिल हैं। प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जरूरी तैयारियों का जायजा लिया। निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो, इसके लिए व्यवस्थाओं पर ध्यान दिया गया।

शहीद पुलिस जवानों की गौरव गाथा से छात्राओं को कराया परिचित



बेमेतरा। राष्ट्रीय एकता दिवस और पुलिस स्मृति दिवस सप्ताह के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान छात्राओं को पुलिस शहीदों के अदम्य साहस और बलिदान पर आधारित लघु फिल्म दिखाई गई, जिससे वे आंतरिक सुरक्षा में पुलिस के योगदान से परिचित हो सकें। साथ ही, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र निर्माण में योगदान और 182 मीटर ऊंची स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि सरदार पटेल की 151वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को गुजरात के एकता नगर में एकता परेड-2026 का आयोजन होगा, जिसका शाम 5.30 बजे दूरदर्शन और अन्य चैनलों पर लाइव प्रसारण किया जाएगा। विद्यालय की छात्राएं भी इस ऐतिहासिक परेड का सजीव प्रसारण देखेंगी। फिल्म प्रदर्शन के पश्चात छात्राओं और उपस्थित पुलिस ▶▶| शेष पेज 02 पर

तरी हरी नाना मोर सुआ... की थाप पर थिरकती बालिकाओं की टोलियों से सजा बाजार और मोहल्ले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

दीपावली का पर्व नजदीक आते ही जिले में उत्सव और उल्लास का माहौल बनने लगा है। बाजारों में जहां व्यापारी ग्राहकों के इंतजार में दुकानों को आकर्षक ढंग से सजा रहे हैं, वहीं कुम्हार मिट्टी के दीये और दीपावली से जुड़ी अन्य सामग्री तैयार कर अच्छे कारोबार की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

इन सबके बीच छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति की झलक भी जिला मुख्यालय सहित अंचल की गलियों और मोहल्लों में दिखाई देने लगी है। नन्हीं बालिकाओं से लेकर महिलाओं तक की टोलियां पारंपरिक सुआ नृत्य की प्रस्तुति देकर लोकपरंपरा को जीवंत बनाए हुए हैं। तरी हरी नाना मोर सुआ ना' जैसे पारंपरिक गीतों की मधुर धुन पर थिरकती बालिकाओं की टोलियां घरों और प्रतिष्ठानों तक पहुंच रही हैं। गोल घेरा बनाकर ताली की थाप पर सुआ गीत गाते हुए उनके नृत्य को देखकर लोग भी उत्साहित हो रहे हैं। घरों और दुकानों में पहुंचने वाली इन टोलियों को लोग भेंट स्वरूप नगद राशि और उपहार दे रहे हैं। साथ ही सुआ गीत प्रस्तुत करने वाली बालिकाओं और महिलाओं से आशीर्वाद भी ले रहे हैं।

मिट्टी के तोते को प्रतीक मानकर होता है नृत्यः सुआ नृत्य में मिट्टी से बने हरे रंग के तोते को प्रतीकात्मक रूप से सुआ के रूप में स्थापित किया जाता है। इसे टोकरी के बीच में रखकर महिलाएं उसके चारों ओर गोल ▶▶| शेष पेज 02 पर

दीपावली से पहले सुआ गीतों की गूंज



लोकसंस्कृति में रचा-बसा है सुआ नृत्य

छत्तीसगढ़ की लोकपरंपराओं में सुआ नृत्य का विशेष स्थान है। दीपावली के आसपास इसकी गूंज गांवों से लेकर शहरों तक सुनाई देने लगती है। यह परंपरा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि महिलाओं की सामूहिक अभिव्यक्ति और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। सदियों से यहां की महिलाएं पीढ़ी-दर-पीढ़ी इस परंपरा को आगे बढ़ाती आ रही हैं। छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति में भोजली, गौरा- गौरी, सुआ और जसगीत जैसे पर्व आधारित गीतों के साथ कर्मा, ददरिया, बांसगीत और पंडवानी की भी समृद्ध परंपरा रही है। इन लोकगीतों में प्रदेश के सामाजिक जीवन, रीति-रिवाज और ग्रामीण परिवेश की झलक मिलती है।

पहल

अर्नब तूफान से खरीफ फसलों को नुकसान प्रशासन ने शुरू किया सर्वे

कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व-कृषि विभाग की संयुक्त टीम खेतों में पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में अर्नब तूफान के प्रभाव से कई क्षेत्रों में खड़ी खरीफ फसलों को नुकसान पहुंचा है। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। फसल क्षति से प्रभावित किसानों को राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने सर्वे शुरू करा दिया है। कलेक्टर ने राजस्व एवं कृषि विभाग को राजस्व पुस्तक परिपत्र (आरबीसी) 6(4) के तहत फसल नुकसान का आकलन कर पात्र किसानों को राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। निर्देश के बाद राजस्व और कृषि विभाग की संयुक्त टीम गांवों में पहुंचकर खेतों का निरीक्षण कर रही है। अधिकारी फसलों की स्थिति का जायजा लेकर नुकसान का आकलन कर रहे हैं। सर्वे के दौरान प्रभावित खेतों और फसल क्षति की जानकारी जुटाई जा रही है, ताकि शासन के प्रावधानों के अनुसार किसानों को राहत मिल सके।

- प्रभावित किसानों को आरबीसी 6(4) के तहत मिलेगी राहत



आरआई और कृषि विस्तार अधिकारी को दें सूचना

प्रशासन ने प्रभावित किसानों से अपील की है कि जिनकी फसल अर्नब तूफान के कारण खराब हुई है, वे तत्काल अपने क्षेत्र के राजस्व निरीक्षक (आरआई) या ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी (आरएईओ) को इसकी सूचना दें। इससे सर्वे टीम समय पर खेतों तक पहुंचकर फसल क्षति का आकलन कर सकेगी। सर्वे पूरा होने और पात्रता निर्धारित होने के बाद नियमानुसार पात्र किसानों के बैंक खातों में आरबीसी 6(4) के तहत राहत राशि दी जाएगी।

पीएम किसान की 24वीं किस्त जारी, 9.34 करोड़ किसानों के खातों में पहुंचे 18,680 करोड़

बेमेतरा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किस्त जारी होने के अवसर पर शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र बेमेतरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान गुजरात के बनासकांठा से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने देशभर के 9.34 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 18,680 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। साथ ही कृषि अवसंरचना कोष के तहत विकसित 521 इकाइयों का राष्ट्र को समर्पण और 12 बागवानी समूहों का शुभारंभ भी किया। कृषि विज्ञान केंद्र एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनपद सदस्य सुशील टंडन, ग्राम झाल की सरपंच प्रीति कमलेश वर्मा सहित कुल 228 किसानों ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. जितेंद्र जोशी ने अतिथियों एवं किसानों का स्वागत किया। उन्होंने बेलर मशीन के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि इसके माध्यम से धान की पराली को गट्ठरों में परिवर्तित कर फसल अवशेषों का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। ▶▶| शेष पेज 02 पर



राष्ट्रीय शालेय रग्बी प्रतियोगिता के लिए हसदा के डिंपल और केवल का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय हसदा के दो होनहार खिलाड़ियों डिंपल निषाद और केवल ध्रुव ने अपनी प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन 17 वर्ष आयु वर्ग की छत्तीसगढ़ जूनियर बालक एवं बालिका रग्बी टीम में हुआ है। वे 24 अक्टूबर से दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। ग्रामीण अंचल के इन खिलाड़ियों की उपलब्धि से विद्यालय सहित जिले में हर्ष का माहौल है। दोनों खिलाड़ी कक्षा छठवीं से ही रग्बी खेल का अभ्यास कर रहे हैं।

- कक्षा छठवीं से कर रहे हैं अभ्यास
- राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन

व्यायाम शिक्षक लोकेश्वर राव के मार्गदर्शन में उन्होंने लगातार मेहनत और लगन से अपनी खेल प्रतिभा को निखारा। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। कसडोल में आयोजित राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दोनों ने चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया और प्रदेश की टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की। डिंपल निषाद के पिता तोप सिंह निषाद ग्राम पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बेटी को पढ़ाई के साथ खेल के प्रति भी प्रोत्साहित किया। उनके मार्गदर्शन और डिंपल की मेहनत का परिणाम है कि उसने प्रदेश की टीम में स्थान बनाकर परिवार और विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। वहीं केवल ध्रुव के पिता परमानंद ध्रुव बेरला विकासखंड के छोटे से गांव पिरदा में निवास करते हैं। केवल इससे पहले भी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में चयनित हो चुका है। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर स्वामी ▶▶| शेष पेज 02 पर

12 को होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) की तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके तहत शुक्रवार को जिला कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों और मास्टर ट्रेनर्स का ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 12 नवंबर 2026 को होगा। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ कार्यालय के अधिकारियों ने पुनरीक्षण कार्यक्रम, निर्वाचन से जुड़े विधिक प्रावधानों, आईटी एप्लीकेशन और विभिन्न प्रपत्रों के उपयोग की जानकारी दी। अधिकारियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन प्रक्रिया, मतदाता सूची के विश्लेषण, प्राप्त प्रपत्रों की जांच तथा दावा-आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही पुनरीक्षण कार्य को त्रुटिरहित बनाने के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करने पर जोर दिया गया।

- 6 नवंबर तक बीएलओ का प्रशिक्षण पूरा करने के निर्देश



बीएलओ को भी दिया जाएगा प्रशिक्षण

जिला स्तरीय प्रशिक्षण के बाद विधानसभा एवं तहसील स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ), बीएलओ सुपरवाइजरों और अभिहित अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को 6 नवंबर 2026 तक प्रशिक्षण पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इसका उद्देश्य मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में पूरा करना है। प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रीतम सिंह चौहान सहित जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित रहे।

कलेक्टोरेट परिसर में आधार सेवा केंद्र का पुनः संचालन, आम नागरिकों को मिलेगी बड़ी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के आम नागरिकों को आधार संबंधी सेवाएं सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कलेक्टरेट परिसर में आधार सेवा केंद्र का पुनः संचालन प्रारंभ कर दिया गया है। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर के निर्देश पर इस केंद्र का स्थानांतरण एवं पुनः संचालन किया गया है, जिससे जिला मुख्यालय आने वाले नागरिकों को अब आधार कार्यों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

केंद्र के पुनः संचालन के अवसर पर आधार नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्रीतम सिंह चौहान ने केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराकर कार्यों का सत्यापन किया तथा संचालन को पूरी तरह व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस दौरान ई-जिला प्रबंधक श्री महेन्द्र वर्मा और आधार जिला समन्वयक मुकुल धुरंधर भी उपस्थित रहे। इस केंद्र पर नागरिकों को नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर में संशोधन और बायोमेट्रिक अपडेट जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं एक ही स्थान पर मिल सकेंगी। नोडल अधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप नागरिकों को पारदर्शी और सहज सेवाएं देना प्रशासन की प्राथमिकता है।

- आम नागरिकों को मिलेगी बड़ी सुविधा



नया आधार नामांकन सभी आयु वर्गों के लिए पूर्णतः निःशुल्क है। 5 से 7 वर्ष एवं 15 से 17 वर्ष के बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट भी पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। इसके अलावा, यूआईडीएआई पोर्टल के जरिए ऑनलाइन दस्तावेज अपडेट 14 जून 2027 तक निःशुल्क उपलब्ध है तथा ई-आधार कभी भी निःशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। नाम, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल एवं लिंग जैसी जनसांख्यिकीय जानकारियों में संशोधन के लिए 75 रुपये शुल्क निर्धारित है।

फोटो, फिंगरप्रिंट और आइरिस स्कैन सहित बायोमेट्रिक अपडेट का शुल्क 125 रुपये है। अन्य सेवाओं में आधार पीवीसी कार्ड ऑर्डर करने पर 75 रुपये प्रिंटिंग, जीएसटी और स्पीड पोस्ट सहित देय होगा। नामांकन केंद्र पर दस्तावेज अपडेट के लिए भी 75 रुपये लगेंगे, जबकि अधिकृत केंद्रों पर सर्च एवं प्रिंटआउट के लिए 30 से 40 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। कलेक्टरेट परिसर में इस केंद्र के शुरू होने से बेमेतरा के नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में भारी सहूलियत होगी।

करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बताए गुर

अनुशासन और मेहनत से जीवन में मिलेगी सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

विद्यार्थियों के कैरियर निर्माण और उज्ज्वल भविष्य की राह आसान बनाने के उद्देश्य से महाविद्यालय के कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ द्वारा विशेष मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नायब तहसीलदार सहोरिक यादव ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के साथ सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण सूत्र बताए। उन्होंने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य, दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर परिश्रम ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। स्वागत उद्बोधन में प्रो. करण सोनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कैरियर मार्गदर्शन की आवश्यकता और विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में इसकी भूमिका पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. निर्मल कुमार ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता और योग्यता के अनुरूप लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बताए प्रभावी तरीके

मुख्य अतिथि सहोरिक यादव ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी), छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल (सीजीएसएससी) और कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं एवं शासकीय सेवाओं में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए नियमित अध्ययन, प्रभावी समय प्रबंधन, सही रणनीति, सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाओं की जानकारी आवश्यक है। विद्यार्थियों को परीक्षा के पाठ्यक्रम के अनुसार अध्ययन की योजना बनाकर निरंतर अभ्यास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। जो विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी प्रयास जारी रखते हैं, उन्हें सफलता अवश्य मिलती है। असफलताओं से घबराने के बजाय उनसे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार कैरियर का चयन करने की सलाह दी।

विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का किया समाधान

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, अध्ययन सामग्री, परीक्षा पद्धति, समय प्रबंधन और कैरियर चयन से संबंधित सवाल पूछे। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए उन्हें व्यावहारिक सुझाव दिए। समापन अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से सहोरिक यादव को स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रोहित यदु ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रो. दुर्गा सोनी ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक एवं उपयोगी साबित हुआ।



खबर संक्षेप

डायल 112 के चालक से मारपीट, अपराध दर्ज

भिलाई। डायल 112 के चालक से ओम शांति चौक पेट्रोल पम्प के पास, हाऊसिंग बोर्ड में मारपीट का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर जामुल थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थी दुर्गेश कुमार साहू उम्र 24 साल ने पुलिस को बताया कि वे कैम्प 1 भिलाई के निवासी है। वर्तमान में थाना जामुल के डायल 112 वाहन में ड्रायवरी का काम करते हैं। 28 अक्टूबर को रात्रि में अपने दोस्तों से मिलने के लिए हाउसिंग बोर्ड गए थे। मोटर साइकिल से घर वापसी के दौरान रात्रि करीब 9.40 बजे ओम शांति चौक के पहले पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा था। उसी समय पीछे से बाइक में सवार अज्ञात 2 लड़के ओवर टेक कर आगे निकले जिससे पानी छिटकने से प्रार्थी ने उन्हें गाड़ी इतना स्पीड क्यों चला रहे हो, रोड में पानी भरा है, आराम से चलाओ बोला। तब वे दोनों मोटर सायकल को रोककर प्रार्थी को गाली गलौज करते हुए मारपीट की। मारपीट से डायल 112 के चालक को बांये कान, दाहिने आंख व पीठ में चोंटे आई है।

मरार पारा में सिलेंडर फटने से लगी आग

दुर्ग। कोतवाली थाना अंतर्गत मरार पारा वार्ड में पार्षद विजयंत पटेल के घर के ठीक सामने जय पटेल घर में सिलेंडर फटने की वजह से आग लग गई। हादसे में किसी के घायल होने की खबर नहीं है, लेकिन आग फैल गई। इसके बाद तत्काल फायर ब्रिगेड को खबर दी गई। फायर ब्रिगेड ने लगी आग पर काबू पाया। घटना के बाद बिजली विभाग और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। पार्षद विजयंत पटेल ने बताया कि घटना करीब 7 बजे की है। घर में खाने बनाने के दौरान अचानक सिलेंडर फटा। आग लगने के बाद पूरे क्षेत्र में बड़ी संख्या में भीड़ जुटी, रात साढ़ 8 बजे तक स्थिति को नियंत्रित किया जा सका।

राज्योत्सव के मुख्य अतिथि होंगे उपमुख्यमंत्री

दुर्ग। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर 2 नवंबर को एक दिवसीय राज्योत्सव समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित पुराना गंज मंडी, गंजपारा परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर राज्योत्सव कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

बुजुर्ग महिला से की मारपीट, अपराध दर्ज

भिलाई। पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के ग्राम नंदौरी में पुरानी रंजिश को लेकर एक 64 वर्षीय महिला और उसके पुत्र के साथ विवाद करने तथा जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मोहल्ले में सुबह टहलकर लौट रही महिला के साथ आरोपी ने गाली-गलौच और मारपीट की। महिला के घर पहुंचकर घटना की जानकारी अपने पुत्र को देने के बाद जब पुत्र आरोपी को समझाने पहुंचा, तो उसके साथ भी गाली-गलौच की गई और चापड़नुमा लोहे का हथियार निकालकर मारने की धमकी दी गई। शिकायत के बाद पुरानी भिलाई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम नंदौरी के शिकारी पारा निवासी आरोपी नितेश पारधी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में इस्तेमाल किया गया चापड़नुमा लोहे का हथियार भी जब्त किया है। जानकारी के अनुसार घटना 28 अक्टूबर की सुबह करीब 6 बजे की है। ग्राम नंदौरी निवासी 64 वर्षीय कीर्ति वर्मा अपने मोहल्ले की जमुना बन्छोर और सुलेखा बन्छोर के साथ सुबह टहलने गई थीं। वापस घर लौटते समय मोहल्ले में रहने वाला नितेश पारधी कथित तौर पर पुरानी रंजिश को लेकर उनसे विवाद करने लगा। जमुना बन्छोर और सुलेखा बन्छोर ने बीच-बचाव किया। घटना के बाद कीर्ति वर्मा घर पहुंचीं और अपने पुत्र अजय वर्मा को पूरी बात बताई। इसके बाद अजय वर्मा आरोपी को समझाने और भविष्य में ऐसी हरकत नहीं करने की बात कहने पहुंचा। पुलिस के अनुसार, इस दौरान आरोपी ने अजय वर्मा के साथ भी अश्लील गाली-गलौच की और जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि विवाद बढ़ने पर आरोपी अपने घर से चापड़नुमा लोहे का हथियार निकाल लाया और उससे मारने की धमकी देने लगा। अपराध दर्ज किया गया है।

राजनीति

पूर्व विधायक के बयान पर नवागढ़ में आक्रोश, भाजपा ने फूंका पुतला

पूर्व विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद सड़क पर उतरे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खिलाफ पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे की कथित अमर्यादित टिप्पणी को लेकर जिले की सियासत गरमा गई है। जिले के देवरबीजा में सार्वजनिक मंच से की गई टिप्पणी के मामले में सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज होने के बाद भाजपा ने अब विरोध का मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को नवागढ़ के मेन चौक पर भाजपा मंडल के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर उतरे।

उन्होंने धरना-प्रदर्शन कर पूर्व विधायक बंजारे का पुतला दहन किया और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। दरअसल, देवरबीजा में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे द्वारा भाजपा और आरएसएस को लेकर की गई कथित टिप्पणी के बाद विवाद शुरू हुआ। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की प्रतिष्ठा से जुड़ा मुद्दा बताते हुए विरोध दर्ज कराया था। इस मामले में भाजपा कार्यकर्ताओं की शिकायत पर बेमेतरा सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई। इसी क्रम में नवागढ़ में भी पार्टी

राजनीतिक विरोध की आड़ में भाजपा और आरएसएस का अपमान बर्दाश्त नहीं : अजय साहू



पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। मेन चौक पर हुए प्रदर्शन में पुतला दहन कर बंजारे के कथित बयान के खिलाफ आक्रोश जताया गया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि लोकतंत्र में सभी राजनीतिक दलों को अपनी बात रखने और एक-दूसरे की नीतियों का विरोध करने का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक विरोध के नाम पर किसी संगठन, विचारधारा अथवा उसके कार्यकर्ताओं के प्रति अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। नवागढ़ के मेन चौक पर आयोजित प्रदर्शन में भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, जिला सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक वल्लभ ठाकुर, सुरेंद्र सिंह ठाकुर, जनपद पंचायत अध्यक्ष खोरबहरा राम साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष माया हीरा बारले, दिनेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष राजेश जैन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सोम ठाकुर, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सबीना खान, नवागढ़ मंडल अध्यक्ष तुकाराम साहू और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष जाहिद बेग प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा बालसमुद के हवेंद्र वैष्णव, खंडसरा मंडल अध्यक्ष गयाराम चंद्राकर, मारो मंडल अध्यक्ष राकेश राजपूत, क्रांति राजपूत, रामसागर साहू, धनलाल देशलहरे, बल्लू राजपूत, हेमू महिलांग, संकल्प शुक्ला, रीना राजपूत, जीवन देहरे, प्रमोद साहू, खूबिराम साहू, दुर्जन साहू, मुकेश वर्मा, महावीर ध्रुव, आशाराम ध्रुव, अमित जांगड़े, संतोष कुर्रे और उमेश बोयरे सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रदेशभर में आंदोलन की तैयारी बढ़ सकती है राजनीतिक तकरार

भाजपा ने बंजारे के कथित बयान को लेकर प्रदेश के सभी मंडलों में पुतला दहन और विरोध प्रदर्शन करने की घोषणा की है। नवागढ़ में हुए प्रदर्शन को इसी प्रदेशव्यापी विरोध अभियान की कड़ी माना जा रहा है।

देवकर नपं में सियासी घमासान

अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग, 31 को पुतला दहन की चेतावनी



बेमेतरा/देवकर। नगर पंचायत देवकर में अध्यक्ष सुरेश सिहोरे को लेकर राजनीतिक विवाद तेजी से गहराता जा रहा है। अध्यक्ष की कार्यप्रणाली और आमरण अनशन के दौरान सार्वजनिक मंच से कथित अमर्यादित बयानबाजी को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के पार्षदों ने अलग-अलग मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को दोनों दलों के पार्षदों ने तहसीलदार देवकर को ज्ञापन सौंपकर कड़ी नाराजगी जताई। ज्ञापन के अनुसार, नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा आमरण अनशन के मंच से पार्षदों, विधायक प्रतिनिधि, एल्डरमेन और वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक व अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया। साथ ही, साजा विधायक ईश्वर साहू के प्रति भी भद्दी टिप्पणियां किए जाने का आरोप है। पार्षदों का कहना है कि इस प्रकार की भाषा से निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की गरिमा को ठेस पहुंची है। जहां एक ओर भाजपा पार्षदों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर अध्यक्ष द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है, वहीं कांग्रेस पार्षदों और वरिष्ठ नेताओं ने इस अनर्गल बयानबाजी पर कड़ा विरोध जताते हुए अध्यक्ष के नैतिक इस्तीफे की मांग की है। पार्षदों ने यह भी आरोप लगाया कि अध्यक्ष पिछले 12 महीनों से अपनी कार्यप्रणाली को लेकर विवादों में रहे हैं और अपने दायित्वों का सही निर्वहन करने में असफल रहे हैं, जिससे नगर का विकास प्रभावित हो रहा है। प्रशासन से अध्यक्ष के विरुद्ध उचित कार्रवाई करते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की गई है। इस बढ़ते राजनीतिक तनाव के बीच कांग्रेस ने 31 अक्टूबर को अध्यक्ष का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इस घटनाक्रम से देवकर की राजनीति गरमा गई है और सबकी निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

चक्रवाती तूफान-बारिश से धान फसल बर्बाद

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/नारायणपुर



ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्र में चक्रवाती तूफान और लगातार हो रही बारिश का असर अब किसानों की खेतों पर साफ दिखाई देने लगा है। जहां सालभर कड़ी मेहनत कर अपनी फसलों को तैयार करने वाले किसानों की चिंता बढ़ गई है। जहां तेज हवाओं और बेमौसम बारिश ने किसानों की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है। वही खेतों में खड़ी फसलें अब गिरने लगी हैं।

वहीं कटाई के बाद खेतों में सुखाई जा रही फसलों को भी नुकसान पहुंचने की आशंका है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले तक किसान अपनी फसलों को बचाने के लिए पानी की कमी से जूझ रहे थे। अंतिम समय में फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिलने से काफी परेशानी हुई थी। लेकिन किसान किसी तरह मेहनत कर किसानों ने अपनी फसल को बचाया, लेकिन अब अचानक बदले मौसम ने किसानों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पिछले दो दिनों से लगातार बारिश से जनजीवन प्रभावित हुई। तेज हवाओं के चलते खेतों में खड़ी फसलें जमीन पर गिर रही हैं। वहीं जिन किसानों ने फसल काटकर खेतों में सुखाने के लिए रखी थी, उन्हें भी नुकसान होने की चिंता सता रही है। वही स्थानीय किसान सुरेश साहू, परमेश्वर साहू, रामकिशुन यादव, विरेंद्र तिवारी, प्रमोद पाण्डेय ने बताया कि मौसम का मिजाज समझने में वे असमर्थ हैं। ऐसे में किसान सरकार और प्रशासन से फसलों के हुए नुकसान का आकलन कर उचित सहायता देने की उम्मीद कर रहे हैं।

शिक्षक वही, जिसमें जीवनभर सीखने की ललक हो : प्रतीक जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) बेमेतरा में डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने प्रथम वर्ष के नवप्रवेशी छात्राध्यापकों के स्वागत में समारोह आयोजित किया। इस दौरान प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले चार मेधावी छात्राध्यापकों को नगद राशि और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। जिले के छह शिक्षक-शिक्षिकाओं प्रतीक जैन, केवरा सेन, धनेश रजक, हेमलता साहू, दौलत राम साहू एवं गिरिजा पटेल के सौजन्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें डीएलएड प्रथम वर्ष की प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा नेहा जुर्री को 6 हजार रुपए तथा द्वितीय स्थान प्राप्त अंजली चौहान को 4 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी गई। इसी तरह द्वितीय वर्ष की प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा चंद्रकला साहू को 6 हजार रुपए और द्वितीय स्थान प्राप्त निधि देवांगन को 4 हजार रुपए प्रदान किए गए। चारों छात्राध्यापकों को छह प्रतीक चिह्न देकर भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में डाइट प्राचार्य ने नवप्रवेशी छात्राध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि डाइट एक प्रशिक्षण संस्थान है, जहां प्रेरणा लेकर स्वयं सीखना पड़ता है। यहां शिक्षक बनने के साथ एक आदर्श इंसान बनने की भी सीख मिलती है। शिक्षा, संस्कार, व्यवहार और उच्च आदर्शों के साथ यहीं से भविष्य के शिक्षक के करियर की दिशा तय होती है। प्राथमिक शाला खपरी धोबी के प्रधान पाठक धनेश रजक ने अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन सबसे बेहतर समय होता है। इसी दौर में व्यक्ति अपने करियर को इच्छानुसार दिशा दे सकता है। उन्होंने सभी छात्राध्यापकों से भविष्य में आदर्श शिक्षक के साथ आदर्श नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू एवं छात्राध्यापक अजय अंचल ने किया। समापन अवसर पर प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं ने सुआ गीत और पंथी गीत की आकर्षक प्रस्तुति दी, जिसकी उपस्थितजनों ने सराहना की। आयोजन में छात्राध्यापक अजय अंचल, भूपेंद्र, देव, यशवंत, रितिक, प्रियांशु, करुणा, नेहा जुर्री, योगिता, मोती, दामिनी एवं मोनिका बंजारे की सक्रिय सहभागिता रही।

इस अवसर पर वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक उषा किरण पाण्डेय, प्रहलाद कुमार टिकरिया, देवी प्रसाद चंदेश्वर, वरिष्ठ व्याख्याता अनिल कुमार सोनी, जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारतीय सहित संस्थान के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

सुआ और पंथी गीतों की गूंज के बीच डाइट में हुआ स्वागत समारोह, मेधावी सम्मानित



चित्रकूट में 24 घंटे का नाम जप और भंडारे का होगा आयोजन



नांदघाट। श्रीश्री 1008 श्री दादा दयानंद गिरी महराज का नांदघाट में आगमन हुवा। नांदघाट छेत्र में भी अड़ार नांदघाट आश्रम में उनके द्वारा अनेक यज्ञ अनुष्ठान संपन्न कराए गए है। दादाजी के शिष्य मंडली द्वारा नवंबर में 23-24 को चित्रकुट मप्र में भगवान कामतानाथ की सेवा में 24 घंटे का नाम जप तीर्थ परिक्रमा और भव्य भोग भण्डारा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें उनके समस्त शिष्य मंडली शामिल होंगे। इसी तारतम्य में दादा का बिलासपुर नांदघाट रायपुर प्रवास हुवा। नांदघाट में मनीष जयसवाल, दिनेश गुप्ता, मदन सिन्हा, लेखराम वर्मा, कृष्णा ठाहुर, दिनेश सोनी, विवेक शुक्ला, लाला कटारे, मनहरण साहु, मनीष शुक्ला, अजय बंजारे, गगन गोस्वामी, अनिल बंजारे समेत शिष्यों ने आध्यात्मिक गुरु दर्शन कर आशिर्वाद प्राप्त किया।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला टीम का चयन 1 को

बेमेतरा। 21वीं राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली टीम के गठन के लिए 1 नवंबर को चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। जिला वॉलीबॉल संघ बेमेतरा द्वारा यह ट्रायल रविवार को सुबह 11 बजे से वॉलीबॉल खेल अभ्यास केंद्र, स्कूल मैदान कुसमी (बेरला) में लिया जाएगा। चयन ट्रायल में जिले के बेमेतरा, बेरला, नवागढ़ और साजा विकासखंड के प्रतिभावान महिला एवं पुरुष खिलाड़ी शामिल हो सकेंगे। संघ ने इच्छुक खिलाड़ियों से निर्धारित समय पर खेल मैदान पहुंचने की अपील की है। खिलाड़ियों को अपने साथ खेल किट लाना अनिवार्य होगा। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। उल्लेखनीय है कि 21वीं राज्य स्तरीय महिला एवं पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 12 से 15 नवंबर 2026 तक रायगढ़ जिले के एनटीपीसी लारा में किया जाएगा।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिले के 16 स्थलों पर होगा एकता परेड-2026 का सीधा प्रसारण

बेमेतरा। लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 151वीं जयंती पर 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। इस अवसर पर गुजरात के एकता नगर में आयोजित होने वाली भव्य एकता परेड-2026 का सीधा प्रसारण बेमेतरा जिले के 16 प्रमुख स्थलों पर किया जाएगा। बेमेतरा पुलिस ने आयोजन को लेकर विशेष व्यवस्था की है, ताकि आम नागरिकों के साथ पुलिस अधिकारी और जवान भी इस राष्ट्रीय समारोह से जुड़ सकें। एकता परेड का सीधा प्रसारण शनिवार शाम 5.30 बजे से प्रमुख समाचार चैनलों पर किया जाएगा। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के पुलिस बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों द्वारा अनुशासित मार्च पास्ट, साहसिक करतब और विशेष कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों की लोक-संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। आयोजन के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता और 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना का संदेश दिया जाएगा। पुलिस द्वारा निर्धारित 16 प्रसारण स्थलों में पुलिस अधीक्षक कार्यालय का सभा कक्ष, कंतेली स्टेडियम, बेमेतरा बस स्टैंड, नांदघाट, जनपद रोड साजा, ग्राम पंचायत खंडसरा, देवरबीजा, नगर पंचायत भिंभौरी और महतारी सदन ग्राम खेड़ा संबलपुर सहित विभिन्न थाना एवं चौकी परिसर शामिल हैं। पुलिस ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि वे 31 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे अपने नजदीकी निर्धारित स्थल पर पहुंचकर एकता परेड का प्रसारण देखें।

प्राथमिक शाला भेंडरवानी में ई-वेस्ट प्रबंधन की पहल

बच्चों ने सीखा इलेक्ट्रॉनिक कचरे का सही निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्राथमिक शाला भेंडरवानी में ई-वेस्ट इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन को लेकर एक विशेष गतिविधि आयोजित की गई। प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा के मार्गदर्शन और सहायक शिक्षक सनत कुमार साहू के संचालन में बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक कचरे के उचित संग्रहण, पृथक्करण और सुरक्षित निस्तारण की विस्तृत जानकारी दी गई।

- बच्चों को खराब मोबाइल, बैटरी, चार्जर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से होने वाले नुकसान की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को बताया कि खराब मोबाइल, चार्जर, बैटरी, ईयरफोन, की-बोर्ड और बिजली के तार जैसे अनुपयोगी उपकरणों को सामान्य कचरे में नहीं फेंकना चाहिए। इनमें मौजूद हानिकारक तत्व मिट्टी, जल और वायु को प्रदूषित करते हैं, जिससे मानव स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। बच्चों को रंगीन डस्टबिन के माध्यम से गीले, सूखे और ई-वेस्ट कचरे को अलग रखने के तरीके सिखाए गए तथा उपकरणों की मरम्मत कर उनका लंबे समय तक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

प्रधान पाठक अर्जुन वर्मा ने कहा कि डिजिटल युग में ई-वेस्ट का सही प्रबंधन बेहद जरूरी है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवराम वर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यार्थियों के साथ-साथ समुदाय में भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। गतिविधि के अंत में विद्यार्थियों ने पर्यावरण को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

पेज 3 के शेष

तरी हरी नाना मोर ...

घेरा बनाती हैं। इसके बाद सुआ की ओर झुकते हुए, चक्कर लगाकर और तालियां बजाते हुए सामूहिक रूप से गीत गाती हैं। गीतों की लय के साथ नृत्य की गति बदलती रहती है, जो इस प्रस्तुति को आकर्षक बनाती है। परंपरागत रूप से सुआ गीतों का सिलसिला दीपावली के आसपास शुरू होकर देवउठनी एकादशी तक चलता है। धान की फसल खलिहानों तक पहुंचने और कृषि कार्यों से कुछ समय की राहत मिलने के दौरान ग्रामीण महिलाएं इस सामूहिक आयोजन में शामिल होती हैं। वर्तमान में भी बालिकाओं और महिलाओं की टोलियां इस परंपरा को आगे बढ़ा रही हैं। दीपावली की रौनक के बीच सुआ गीतों की गूंज छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बन रही है।

राष्ट्रीय शालेय रग्बी ....

आत्मानंद विद्यालय हसदा के प्राचार्य जीपी सिंह, दुष्यंत कुमार परगनिहा, सरपंच चंद्रशेखर परगनिहा, बलिराम धीवर, संध्या परगनिहा, उपसरपंच ओमप्रकाश सिन्हा, जनपद सदस्य रेखा पौषण सिन्हा, संकुल समन्वयक दीपक आड़िल, व्यायाम शिक्षक रामेश्वरी साहू, आकाश वर्मा, मानचंद निर्मलकर, देविका वर्मा, आंचल बंछोर सहित विद्यालय परिवार ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

पीएम किसान की ...

सह संचालक कृषि डॉ. श्यामलाल साहू ने कहा कि किसानों को मिलने वाली छोटी आर्थिक सहायता भी खेती-किसानी में बड़ा सहारा बनती है। विशिष्ट अतिथि डॉ. ए.के. सिंह, अधिष्ठाता रवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय ढोलिया ने किसानों से शासन की कृषि एवं किसान कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

शहीद पुलिस जवानों की ...

अधिकारियों-कर्मचारियों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक प्रवीण खलखो, प्रशिक्षु सूबेदार चुमन राम उर्वशा, विद्यालय की भारती घृतलहरे सहित अन्य पुलिसकर्मी और लगभग 172 छात्राएं उपस्थित रहीं।



16 वर्षों से आपकी सेवा में

श्री खाटू श्याम ज्योतिष



जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष सामाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान-संतान योग
- दुकान, बच्चों के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण



ज्योतिष के माध्यम से जीवन की सही दिशा

समस्याएँ चाहे कितनी भी बड़ी क्यों न हों,
समाधान हमेशा संभव है...

मनमोहनी स्पेशलिष्ट

जन्मकुण्डली विशेषज्ञ | पं.रविकांत शर्मा
पं.एस.के. शास्त्री



खाटू श्याम जी की असीम कृपा से
"हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"

जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

जब कही ना हों काम, तो हमसे ले समाधान





















क्यों चुनें हमें ?

- 16 वर्षों का अनुभव
- सटीक एवं सरल समाधान
- गोपनीयता की पूर्ण गारंटी
- व्यक्तिगत मार्गदर्शन
- श्रद्धा और विश्वास पर आधारित सेवा

ऑफिस आने पर मात्र

₹ 101

PAYMENT QR CODE

₹ 251

फोन से परामर्श मात्र

हमारी प्रमुख सेवाएं

- **जन्म कुंडली विश्लेषण** — व्यक्तित्व, करियर, विवाह, संतान
- **वैवाहिक जीवन** — विवाह में आ रही बाधाएँ, वैवाहिक सुख
- **करियर एवं व्यवसाय** — नौकरी, व्यापार, विदेश योग
- **धन एवं समृद्धि** — आर्थिक स्थिति, निवेश, लाभ
- **संतान योग** — संतान प्राप्त, संतान सुख
- **वास्तु शास्त्र** — घर, दुकान, ऑफिस की ऊर्जा
- **हस्तरेखा विज्ञान** — जीवन की संभावनाएँ, भविष्य संकेत
- **प्रश्न कुंडली** — तत्काल समाधान, सही दिशा

बुकिंग के लिए संपर्क करें:
+91 747 067 4060

पोलसाय पारा चौक,
स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क सूत्र:- पं. रविकांत शर्मा एवं
पं. एस. के शास्त्री: +91 9755964567

नोट : मिलने के लिए अपॉईंटमेंट लेना आवश्यक है। असुविधा से बचने के लिए अपॉईंटमेंट लेकर ही मिलें। | Follow us on: shree_khatushyam_jyotish | हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।